संख्या-59/2020/1073/26-3-2020-10(10)/2005 टी.सी.-।

प्रेषक,

सतीश कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 08 अप्रैल 2020

विषय:-**चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के संचालन हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-सी-01-02/स0क0/आ0प0वि0-प्रकोष्ठ/(525)/ए0टी0एस0-आयोजनागत/2020-21, दिनांक-03.04.2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है, कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च 2020 मंे उल्लिखित दिशा-निर्देशों के अधीन अनुदान सं0-83 के लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-12-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राविधानित धनराशि रू0-19353.29 लाख (रू0-एक अरब तिरान्वे करोड़ तिरपन लाख उन्तीस हजार मात्र) के सापेक्ष **सम्पूर्ण धनराशि रू0-19353.29 लाख (रू0-एक अरब तिरान्वे करोड़ तिरपन लाख उन्तीस हजार मात्र)** की स्वीकृति निम्नलिखित विवरण के अनुसार कर निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0सं0	मद का नाम	धनराशि (रू0 लाख में)
1	2	3
1	01–वेतन	1271.12
2	02–मजदूरी	435.00
3	03–मंहगाई भत्ता	317.78
4	04–यात्रा व्यय	4.29
5	05–स्थानान्तरण यात्रा व्यय	1.73
6	06–अन्य भत्ते	1.00
7	07–मानदेय	1.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

8	08–कार्यालय व्यय	94.00
9	09–विद्युत देय	600.00
10	10–जलकर/जल प्रभार	4.00
11	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	13.20
12	12–कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	99.00
13	13–टेलीफोन पर व्यय	2.00
14	16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2.00
15	17–किराया, उप शुल्क और कर स्वामित्व	1.00
16	19–विज्ञापन, ब्रिकी और ब्रिकी विख्यापन व्यय	10.00
17	29–अनुरक्षण	198.00
18	39–औषधि तथा रसायन	18.80
19	41–भोजन व्यय	6600.00
20	42–अन्य व्यय	115.72
21	43–सामग्री एवं सम्पूर्ति	2860.00
22	45–अवकाश यात्रा व्यय	1.45
23	47–कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	22.00
24	49–चिकित्सा व्यय	10.00
25	51–वर्दी व्यय	5.00
26	52–पुनरीक्षित वेतन का अवशेष(राजकीय)	–
27	55–मकान किराया भत्ता	50.20
28	56–नगर प्रतिकर भत्ता	15.00
29	58–आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान	6600.00
योग–		**19353.29**

(रू0–एक अरब तिरान्वे करोड़ तिरपन लाख उन्तीस हजार मात्र)

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि वर्ष 2020-21 के लिये है, जिसके सापेक्ष अनुदान के अन्तर्गत होने वाले सम्भावित व्यय की फेजिंग कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें, जहां तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग प्रतिमाह समान रूप से की जाय। बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जाय कि आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय यदि सम्बन्धित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर हैं, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को सम्बन्धित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय। ऐसे मामलों में विभागाध्यक्ष स्तर पर एक मुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एक मुश्त आहरण से राज्य के रोकड़ प्रबन्धन (कैश मैनेजमेन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय हेतु वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च 2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों एवं प्राविधानों का कड़ाई से अनुपालन

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

सुनिश्चित किया जाय। निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। धनराशि व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल, फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, उनमें ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। धनराशि के व्यय हेतु शासन द्वारा मितव्ययिता के संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत वित्तीय नियमों तथा आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये तथा उ0प्र0 बजट मैनुअल के पैरा-88 में इंगित व्यवस्था के अनुसार व्यय को प्राधिकृत विनियोग सीमा/स्वीकृत/अवमुक्त धनराशि के भीतर रखा जाये।

(3) वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष व्यय की नियमित संवीक्षा अपने स्तर पर किये जाने की व्यवस्था करें तथा समीक्षा में यदि किसी मामले में सीमाधिक्य व्यय दृष्टिगोचर हो तो उसे तत्काल शासन के समाज कल्याण विभाग तथा संबंधित वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग के संज्ञान में लाया जाये। इस संबंध में बी0एम0-13 में नियमित रूप से शासन को सूचना उपलब्ध कराई जाये तथा बजट मैनुअल में निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों के माध्यम से इस संबंध में निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय के विवरण सहित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उपर्युक्त धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डड्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

2- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/ बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च 2020 द्वारा प्रशासकीय विभागों को दिये गये दिशा-निर्देशों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

सतीश कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0संख्या-59/2020/1073 (1)/26-3-2020-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी/लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।

2-प्रधान महालेखाकार (सिविल आॅडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।

3-मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन,लखनऊ।

4-निदेशक एन0आई0सी0योजना भवन, लखनऊ।

5-वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-4/वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1/2

6-गार्डफाइल।

आज्ञा से,

सतीश कुमार
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।